754
उपस्थ

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय

UTTARAKHAND SANSKRIT UNIVERSITY,
हरिद्वार–दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग,
BAHADARABAD, HARIDWAR-DELHI NATIONAL HIGHWAY
पो0ऑ0, बहादराबाद, हरिद्वार–249402
P.O BAHADARABAD, HARIDWAR UTTARAKHAND, PIN-249402वेबसाईटwww.usvv.ac.in

पत्रांक मनो/शो॰ प्र/[illegible] 2024 दिनांक 22/04/2024

सूचना

सभी स्वशास्त्रनिष्णात विद्वानों एवं शोध छात्र/छात्राओं को सादर सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित अर्द्धवार्षिक मूल्यांकित शोध पत्रिका "शोधप्रज्ञा" हेतु शोध पत्र अधोलिखित निर्देशों के अनुसार प्रकाशनार्थ आमन्त्रित किये जाते हैं। शोधपत्र की भाषा संस्कृत/हिंदी/अंग्रेजी होनी चाहिए। शोधपत्र मौलिक एवं गुणवत्तापरक होने चाहिए। चयनित शोधपत्रों का प्रकाशन माह जून 2024 के अंक में किया जाना है। टंकित शोधपत्र निम्नांकित ई–मेल **researchusvv@gmail.com** पर दिनांक 22.05.2024 तक अवश्य प्राप्त होने चाहिए। अन्तिम तिथि के पश्चात् कोई भी शोध पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

शोधपत्रों के प्रकाशनार्थ नियम एवं निर्देश

1. शोध प्रज्ञा में शोध लेख मूल्यांकन के पश्चात् ही प्रकाशित किए जाते हैं। अतः विद्वान/विदुषी लेखक/लेखिकाओं से अपेक्षा है कि शोध–प्रविधि पर आधारित मानकानुरूप शोध लेखों को ही शोध पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्रेषित करें। इस पत्रिका हेतु संस्कृत आदि प्राच्य–विद्याओं से सम्बन्धित शोध–पत्र ही स्वीकार्य होंगे।
2. शोध पत्र में लेख मौलिक सुसंगत, प्रामाणिक एवं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए तथा उसमें निष्कर्ष की सम्पुष्टि करने के लिए न्यूनतम 20 सन्दर्भ/प्रमाण आवश्यक है।
3. शोध पत्र लेखकों से यह भी अपेक्षा है कि वे अपने शोध पत्र MS Word File में Kurti Dev Font में Type कराएं और पाद–टिप्पणियां (Footnote) शोध पत्र के अन्त में लिखें। शोधपत्र 2500 से 3000 शब्दों में निबद्ध होना चाहिए।
4. टंकण करते समय यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि शीर्षक 16, लेखक का नाम का 15 एवं लेख का Font Size 14 तथा Footnote का Font Size 12 होना चाहिए।
5. अंग्रेजी भाषा के शोध पत्र Time New Roman में Title 14 Name & Text 12 एवं Footnote 9 में ही होना चाहिए।
6. किसी भी शोधपत्र के Copyright का अधिकार शोधप्रज्ञा के पास सुरक्षित रहेगा।

(डॉ. अरविन्दनारायण मिश्र)
सम्पादक

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा. कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय।
3. विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्रभारी विभागाध्यक्ष/सहायक आचार्य।
4. शोध अधिकारी।
5. श्री सुशील कुमार चमोली, सहायक आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान को इस आशय से प्रेषित कि वे सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय प्रति।

(डॉ. अरविन्दनारायण मिश्र)
सम्पादक

Scanned with OKEN Scanner